


## नियम

1. वाद-विवाद प्रतियोगिता में एक संस्था से एक टीम ही भाग ले सकती है।
2. टीम में एक प्रतियोगी विषय के पक्ष में एवं एक प्रतियोगी विषय के विपक्ष में होना आवश्यक है।
3. प्रत्येक टीम को अपनी संस्था के प्राचार्य/प्राचार्या से प्रमाण-पत्र लाना आवश्यक है।
4. प्रतियोगिता में भाग लेने की सूचना 20 फरवरी 2026 तक हमें प्राप्त हो जानी चाहिए।
5. प्रत्येक वक्ता को 6 मिनट का समय मिलेगा। 5 मिनट बाद चेतावनी की घण्टी बजेगी।
6. लिखित वक्तव्य पढ़ने की अनुमति नहीं होगी।
7. सर्वाधिक अंक पाने वाली टीम को चल बैजयंती प्रदान की जायेगी, जिसे 30 सितंबर 2026 तक सुरक्षित लौटाने का दायित्व विजयी टीम की संस्था के प्राचार्य का होगा।
8. ए.के.पी. डिग्री कालेज की टीम चल वैजयंती की प्रत्याशी नहीं होगी।
9. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतियोगियों को पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।
10. निर्णायकों का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा।
11. प्रतिभागी अपने विचार हिन्दी या अंग्रेजी भाषा में रख सकते हैं।

आज दिनांक 20.2.2026 एकेपी डिग्री कॉलेज में डॉ पद्मा उपाध्याय अन्तर्विश्वविद्यालयीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ जितेंद्र कुमार शर्मा, प्राचार्य अग्रसेन कॉलेज, विशिष्ट अतिथि श्रीमती अंजना सिंघल चैयरमेन खुर्जा, विशिष्ट अतिथि प्रो राजेश गर्ग डीएवी कॉलेज बुलंदशहर, डॉ विनीत गर्ग, डॉ रीना तोमर ,डॉ प्रियंका तथा महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डिंपल विज ने मां शारदे के समक्ष वेदमंत्रोच्चारण के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती एकता चौहान ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक वर्ष महाविद्यालय की प्रथम प्राचार्या डाॅ. पद्मा उपाध्याय की स्मृति में कराया जाता है। इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय "आधुनिक समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता ही मानव सभ्यता के विकास का आधार है।" प्रतियोगिता में लगभग 11 महाविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ओम ठाकुर सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ओफ ला, द्वितीय स्थान हर्षिता गौड़ विद्यावती मुकुन्दलाल गर्ल्स कालेज गाजियाबाद

तृतीय स्थान इरम एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा को मिला। सांत्वना पुरस्कार तनु चौहान जी एम डिग्री कॉलेज अरनिया, संजना गौरी शंकर कन्या महाविद्यालय बुलन्दशहर ने प्राप्त किया। वहीं महाविद्यालय की चल वैजयन्ति वी एम एल जी कालेज गाजियाबाद ने प्राप्त की। निर्णायक मंडल में डॉ विनीता गर्ग एनपीजी कॉलेज गुलावठी डॉ रीना तोमर तथा डॉक्टर प्रियंका एस कॉलेज गाजियाबाद रही।

प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि प्रो राजेश गर्ग

ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानव सभ्यता के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, लेकिन इसके साथ ही यह कई चुनौतियों और खतरों को भी जन्म देती है। इसके अनियंत्रित विकास से मानव सभ्यता के अस्तित्व पर खतरा हो सकता है।

वहीं अन्य निर्णायक प्रो. रीना तोमर ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विकास समावेशी और समतापूर्ण होना चाहिए, ताकि इसका लाभ समस्त मानवता तक पहुंचे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विकास से स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि और लोक कल्याण जैसे क्षेत्रों में परिवर्तनकारी क्षमता है। यह लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बना सकती है ।

कालेज की प्राचार्या प्रो. डिम्पल विज ने कहा ए आई के लाभ व हानि दोनों ही हैं पुनरपि वर्तमान में विश्व की स्थिति को देखते हुए ए आई प्रगति का माध्यम है। आपने विवेक के साथ ए आई का प्रयोग करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की विशिष्ट नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती अंजना सिंघल ने इस प्रतियोगिता को ए आई सब्मिट का लघु रूप बताया। आपने इस प्रतियोगिता को युवाओं की क्षमता का सदुपयोग का माध्यम बताया।

महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका श्रीमती नीलू सिंह ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर कालेज की समस्त शिक्षिकाएं, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्राएं मौजूद रहीं।


## ...तियोगिता, ...ठाकुर रहे प्रथम

सहयोगी, जागरण खुर्जा: ...कपी पीजी कालेज में शुक्रवार को डा. पद्मा उपाध्याय स्मृति अंतर विश्वविद्यालयीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय "आधुनिक समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता ही मानव सभ्यता के विकास का आधार है" था, जिस पर विभिन्न जनपदों से आए प्रतिभागियों ने पक्ष और विपक्ष में तर्क प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अग्रसेन कालेज के प्राचार्य डा. जितेंद्र कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अंजना सिंघल, प्रोफेसर राजेश गर्ग, डा. विनीत गर्ग और कालेज की प्राचार्या डिंपल विज ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम संयोजिका एकता चौहान ने बताया कि यह प्रतियोगिता कालेज की प्रथम प्राचार्या डा. पद्मा उपाध्याय की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है।

प्रतियोगिता में 11 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका की बात की, जबकि निर्णायक मंडल की सदस्य डा. रीना तोमर ने समावेशी विकास पर जोर दिया। प्रतियोगिता में ओम ठाकुर ने प्रथम, हर्षिता ने द्वितीय और इरम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार तनु चौहान व संजना ने को मिला। इस मौके पर डा. विनीता गर्ग, डा. रीना तोमर, डा. प्रियंका, नीलू सिंह आदि रहीं।

दैनिक जागरण
Page No-02
21/02/2026



एकेपी डिग्री कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक और छात्राएं।

## बेटियों को पढ़ाने के प्रति किया जागरूक

खुर्जा। क्षेत्र के किला गांव में शुक्रवार को स्वयं-सेविकाओं ने सबसे पहले शिविर स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया। इसके बाद स्वयं-सेविका हिमशिखा व खुशबू ने आकर्षक रंगोली बनाई। वहीं छात्राओं के एक समूह ने भोजन व्यवस्था संभाली और अन्य सेविकाओं ने प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर बच्चों को शिक्षण कार्य कराया। शिविर के तृतीय सत्र में जिला वन स्टाप सेंटर की टीम ने शिरकत की।

हिन्दुस्तान
Page No-04
21/02/2026

न्यूज डायरी

## वाद-विवाद प्रतियोगिता में ओम ठाकुर रहे प्रथम

खुर्जा। नगर के एकेपी डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को डॉ. पद्मा उपाध्याय की स्मृति में अंतर विश्वविद्यालयीय आधुनिक समय में आयोजित कृत्रिम बुद्धिमत्ता ही मानव सभ्यता के विकास का आधार है विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अग्रसेन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार शर्मा,



प्रतियोगिता में मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षक। संवाद

विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अंजना सिंघल ने किया। प्रतियोगिता में सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के ओम ठाकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं विद्यावती मुकुंदलाल गर्ल्स कॉलेज गाजियाबाद की हर्षिता ने द्वितीय व एकेपी कॉलेज की इरम तृतीय स्थान पर रहीं। सांत्वना पुरस्कार तनु चौहान व संजना को मिला। संवाद

## हिमशिखा व खुशबू ने बनाई आकर्षक रंगोली

खुर्जा। एकेपी पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर में शुक्रवार को सेवा और जागरूकता का संदेश दिया गया। साथ ही छात्राओं द्वारा आकर्षक रंगोली बनाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता सिंह ने बताया कि गांव किला में सात दिवसीय शिविर चल रहा है। शुक्रवार को शिविर के तीसरे दिन का शुभारंभ लक्ष्य गीत और आह्वान गीत के साथ किया गया। साथ ही शिविर स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके बाद स्वयंसेविका हिमशिखा व खुशबू ने आकर्षक रंगोली बनाई। वहीं, छात्राओं ने प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर बच्चों को शिक्षण कार्य कराया। संवाद

अमर उजाला
Page No-04
21/02/2026